# जिला न्यायालय एवं अधिवक्ता संघ के संयुक्त तत्वाधान में मनाया गया स्वच्छता अभियान

राजनांदगांव (दावा) । दिनांक 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक राष्ट्रीय अभियान 'स्वच्छता ही सेवा- 2023 के तहत आज 01 अक्टूबर को जिला न्यायालय परिसर राजनांदगांव में न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं न्यायिक कर्मचारीगण के संयुक्त तत्वाधान जिला न्यायालय परिसर की साफ-सफाई की गई । राजनांदगांव जिला न्यायालय ने स्वच्छता के महत्व को प्रोत्साहित करने और जनसमुदाय को स्वच्छ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करने के लिये एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है । इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए, जिला न्यायालय राजनांदगांव में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया है ।

इस अभियान के अंतर्गत न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं न्यायालय के कर्मचारियों ने न्यायालय के विभिन्न हिस्सों में सफाई कार्यों में भाग लिया । जिला न्यायाधीश के प्रेरणास्पद नेतृत्व में, यह अभियान न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देने में मदद कर रहा है, बल्कि यह लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति सजग भी कर रहा है । उक्त स्वच्छता अभियान में जिला न्यायालय के आलोक कुमार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दीपक के.गुप्ता, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, थामस एक्का, विशेष न्यायाधीश, अविनाश तिवारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रेक कोर्ट स्पेशल, सिद्धार्थ अग्रवाल, तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अभिशेक शर्मा, अपरा जिला एवं सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रेक कोर्ट राजनांदगांव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भूपत साहू, आशीष भगत, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष के.के. सिंह, पूर्व अध्यक्ष मनोज चौधरी, सचिव ललित कश्यप, कोषाध्यक्ष प्रवीण माल्ला, मुकेश बागड़े, अन्य अधिवक्तागण धर्मेन्द्र जैन, वीरेन्द्र मेश्राम, अरूण कुमार अनोखे, अरूण गुप्ता, संतोष रजक, राकेश दुबे, जितेन्द्र वैष्णव, न्यायालय कर्मचारीगण महेश सेजपाल अध्यक्ष तृतीय कर्मचारीसंघ, लेखापाल शिव करोसिया, महेन्द्र वर्मा एवं अन्य कर्मचारीगण शिशुपाल सिंह ठाकुर, निधि चन्द्राकर एवं पैरालीगल वालिंटियर्स के द्वारा कार्यालय के विभिन्न क्षेत्रों की साफसफाई की गई है एवं न्यायालय परिसर को स्वच्छ बनाये रखने में सभी के सहयोग की उपेक्षा न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण द्वारा की गई जिससे कि हम स्वच्छ वातावरण के माहौल में काम करके स्वयं को तथा दूसरों को भी स्वस्थ रख सकते हैं ।